प्रैस विज्ञप्ति

इतिहास इंसान को बेहतर बनाता है

आज दिनांक 24.03.18 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ के संभाग प्रथम में में इतिहास विभाग द्वारा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के निर्देशानुसार एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें डॉ0 दीपक कुमार प्रसिद्ध इतिहासकार व रिटायर्ड प्रोफेसर विज्ञान एवं शिक्षा विभाग, जाकिर हुसैन सेंटर फोर एजुकेशनल स्टडीज, जवाहरलाल नेहरू विशविद्यालय नई दिल्ली से मुख्य वक्ता के तौर पर पधारे और अतिथि व्याख्यान के विषय ''ज्ञान विज्ञान और भारतीय समाज'' पर अपने विचार व्यक्त किए। यह व्याख्यान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता जी की अध्यक्षता व कुशल निर्देशन में आयोजित हुआ। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि इस तरह के व्याख्यान न केवल विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन करते है अपितु उन्हें नया सीखने के लिए प्रेरित करते हैं। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ0 जयपाल सिंह ने डॉ0 दीपक को पुष्पगुच्छ भेंट कर व डॉ0 दीपक कुमार के जीवन परिचय से विद्यार्थियों को अवगत कराया। डॉ0 दीपक ने अपने वक्तव्य में कहा कि इतिहास इंसान को बेहतर बनाता है। इतिहास कहानी मात्र नहीं है, कल्पना मात्र नहीं है और युद्धों का वर्णन मात्र नहीं है बल्कि इतिहास तर्क व प्रमाण पर आधारित तथ्य हमारे सामने रख हमारे दृष्टिकोण व विचारधारा को प्रभावित करता है। हम इतिहास में कब, क्यों, कहाँ, कैसे और किसलिए जैसे प्रश्नों से अपनी जिज्ञासा को शांत कर सकते है। इतिहास परिप्रेक्ष्य देता है ज्ञान के लिए और मनुष्य को सभ्य व उन्नत बनाता है। इतिहास को तार्किकता द्वारा वैज्ञानिक आधार दिया जा सकता है। अंत में विद्यार्थियों ने इस विषय से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे और लाभान्वित हुए। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ0 जयपाल सिंह ने डॉ0 दीपक को विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई एक

चित्रकला स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की। अंत में इतिहास विभाग की सहायक प्रवक्ता सुप्रिया ढाँडा ने सभी का धन्यवाद किया।